पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा (आशुलिपिक / आशुटंकक–III)–76 / 2025

बिहार कर्मचारी चयन आयोग,

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–5178/आ0 पटना, दिनांक–23.11.2026

विज्ञापन संख्या–07 / 25, पद–आशुलिपिक / आशुटंकक–III की लिखित परीक्षा ऑनलाइन (Computer Based Test) मोड में दिनांक–01.12.2026 को दो पालियों में निर्धारित है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–01.12.2026 की निर्धारित परीक्षा हेतु परीक्षा शहर की जानकारी एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु वांछित लिंक आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर निम्नानुसार उपलब्ध करायी जाएगी:–

परीक्षा शहर की जानकारी	दिनांक–24.11.2026 से।
प्रवेश पत्र	दिनांक–27.11.2026 से।

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथियों से अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्मतिथि डालकर परीक्षा शहर की जानकारी तथा प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

23/11/26

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।